हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, गुरुवार, 27 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 35 .0 डिग्री
न्यूनतम 12 .5 डिग्री

11 आगामी कार्यक्रमों व नीतियों को सिरे चढ़ाने के...



11 महालक्ष्मी एवं अग्रसेन के जयकारों से गूंजी अग्रोहा...



## खबर संक्षेप

### 13.72 ग्राम हेरोइन सहित महिला काबू

**हिसार।** पुलिस की नशा निरोधक टीम ने शहर की अंबेडकर बस्ती से एक महिला को काबू करके उससे 13.72 ग्राम हेरोइन बरामद की है। टीम प्रभारी उप निरीक्षक इंदर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर अम्बेडकर बस्ती से गुलाबो नामक महिला से एक पॉलिथीन की थैली में 13.72 ग्राम हेरोइन बरामद करके उसे गिरफ्तार किया। उस पर केस दर्ज कर लिया गया है।

### मकान में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने मकान में चोरी के एक मामले में आरोपी लाल सड़क निवासी भोला को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने 20 मार्च दोपहर विकास नगर से उदयवीर के मकान से एक हुक्का, पानी की मोटर व कुछ लोहे का सामान चोरी कर लिया था। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयोग कि गई मोटरसाइकिल को बरामद कर कब्जा पुलिस में लिया है।

### अवैध हथियार सप्लायर प्रोडक्शन वारंट पर

**हांसी।** स्पेशल स्टाफ पुलिस ने अवैध हथियार सप्लायर ढाणी राजू निवासी अनुप को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी ने कुछ दिनों पहले ढाणी चद्दर पुल निवासी कृष्ण को एक अवैध पिस्तौल सप्लाई किया था। आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पुछताछ के बाद पुनः कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### घोड़ी चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने घोड़ी चोरी करने वाले आरोपी पनिहारी निवासी शिव कुमार उर्फ बाबा को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार आरोपी ने 23 मार्च की रात को गीता चौक के समीप स्थित खेतों में बने अजय के मकान से एक सिन्धी नस्ल की घोड़ी चोरी कर ली थी। पुलिस को सूचना मिली थी की गीता चौक के पास से चोरी हुई घोड़ी को एक व्यक्ति बाबा के भेष में सीसर गांव में बेचने की फिराक में है। सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी को घोड़ी सहित गिरफ्तार कर लिया है।

## हिसार को प्रदेश का आदर्श शहर बनाएंगे : प्रवीण पोपली

# पदभार संभालने से पहले निगम कार्यालय के द्वार पर नतमस्तक हुए मेयर पोपली

### मेरा ध्येय मेरा हिसार-मेरा स्वाभिमान पर करेंगे काम

*पदभार संभालने के बाद मेयर पोपली ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हिसार को आदर्श शहर बनाएंगे। इसमें सभी पार्षदों, निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों और निगम की जनता का साथ चाहिए। हम सबके थोड़े-थोड़े सहयोग से ही हिसार को आदर्श शहर बनाने का सपना साकार होगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नगर निगम के नवनिर्वाचित मेयर प्रवीण पोपली ने विधिवत रूप से बुधवार को अपना पदभार संभाला लिया। इससे पहले नगर निगम कार्यालय के प्रवेश द्वार पर नतमस्तक होकर माथा टेका। मेयर पोपली के पहुंचने पर निगमायुक्त नीरज सहित तमाम अधिकारियों ने बुके देकर स्वागत किया। मेयर के पदभार कार्यक्रम के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री कमल गुप्ता, निगमायुक्त नीरज, भाजपा प्रदेश महामंत्री भाजपा सुरेन्द्र पूनिया, जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, जिला उपाध्यक्ष रणधीर सिंह धीरू, प्रदेश प्रमुख दस्तावेजी करण भाजपा हिसार प्रवीन जैन, रामनिवास राड़ा, जगदीश जिन्दल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

पदभार संभालने के बाद मेयर पोपली ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हिसार को आदर्श शहर बनाएंगे। इसमें सभी पार्षदों, निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों और निगम की जनता का साथ चाहिए। हम सबके थोड़े-थोड़े सहयोग ही हिसार को आदर्श शहर बनाने का सपना साकार संभव होगा। उन्होंने कहा कि मेरा ध्येय मेरा हिसार-मेरा स्वाभिमान पर हम काम करेंगे। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की कर्मठता के साथ शहर को विकास के पथ पर लेकर जाएगा। पोपली ने कहा कि पूरा हिसार नगर निगम क्षेत्र मेरा परिवार है। उन्होंने कहा कि मेरा ध्येय मेरा हिसार-मेरा स्वाभिमान पर हम काम करेंगे। इस अवसर पर पार्षद सरोज जैन, मोहित सिंगल, ज्योति शर्मा, हरि सिंह सैनी, भीम महाजन, उषा, रवि सैनी जमालपुरिया रहे।





**हिसार।** प्रवेश द्वार पर नतमस्तक नवनिर्वाचित मेयर प्रवीण पोपली व पदभार संभालते मेयर प्रवीण पोपली, साथ हैं पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुरेद्र पूनिया व अन्य। फोटो :हरिभूमि

### लाला लाजपत राय की प्रतिमा का शिलान्यास

*नव निर्वाचित मेयर प्रवीण पोपली ने नगर निगम के प्रांगण में स्थापित होने वाली लाला लाजपत राय की प्रतिमा का शिलान्यास किया। जिसकी अनुमानित लागत 17 लाख रुपये हैं।*

### मूलभूत सुविधा पर करेंगे काम

उन्होंने कहा कि सबसे पहले प्राथमिकता के आधार पर मूलभूत सुविधाओं को लेकर कार्य किया जाएगा। सीवरेज व पानी की समस्याओं के सवाल पर मेयर ने कहा कि अधिकारियों के साथ मीटिंग करके समाधान किया जाएगा। बेसहारा पशुओं को लेकर उन्होंने कहा कि काफी हद तक कार्य हुआ हैं और नगर निगम द्वारा संचालित गो-अभ्यारण में काफी पशुओं को पहुंचाया गया हैं। इसके लिए भी अधिकारियों के साथ मिलकर योजना बनाएंगे।

### व्यवस्था को मांगे सुझाव

मेयर ने नागरिकों से अपील है कि नगर निगम में व्यवस्था को सुधारने के लिए सुझाव दें। उनको ध्यान में रखते हुए आगामी कार्य योजना बनाई जाएगी। शहर की सफाई व्यवस्था के सवाल पर मेयर पोपली ने कहा कि कुछ शिकायतें मेरे पास भी आई हैं इसके लिए मैंने अधिकारियों से बात की इसका समाधान जल्द करेंगे।

### हांसी में दो अलग अलग स्थानों से चोरी

**हांसी।** अज्ञात चोरों ने मंगलवार को शहर में दो अलग-अलग स्थानों पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर मॉडल टाउन में एक मकान से बिजली के तार व अन्य सामान तथा रेलवे स्टेशन के पास से एक इलेक्ट्रिक स्कूटी चुराकर ले गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर मॉडल टाउन निवासी शुभम शर्मा व गांव मानपुरा निवासी पुनम की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में शुभम ने बताया कि वह अपने मकान की दूसरी मंजिल का निर्माण करवा रहा है और दूसरी मंजिल पर बिजली फिटिंग के लिए करीब अढ़ाई लाख रुपये का सामान लेकर आया था।

- **मॉडल टाउन में घर के अंदर रखा बिजली फिटिंग का सामान व रेलवे स्टेशन से इलेक्ट्रिक स्कूटी ले उड़े चोर**

**दूसरी घटनाः** में गांव मामनपुरा की रहने वाली पूनम ने बताया कि दादरी जाने के लिए ट्रेन पकड़ने रेलवे स्टेशन आई थी। और ट्रेन पकड़ने से पहले उसने अपनी स्कूटी रेलवे स्टेशन के पास स्थित पुल के नीचे खड़ी की थी। और फोन कर अपने पति रामफल को रेलवे स्टेशन से स्कूटी घर ले जाने के लिए कहा था। लेकिन जब उसका पति रामफल स्कूटी लेने रेलवे स्टेशन पहुंचा तो उसे वहां पर इलेक्ट्रिक स्कूटी नहीं मिली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हिसार प्रोपर्टीज डीलर वेलफेयर एसोसिएशन ने की कलेक्टर रेट बढ़ोतरी वापस लेने की मांग

### उपायुक्त से मुलाकात कर बताई समस्या

### एसोसिएशन के प्रधान संजय डालमिया के नेतृत्व में दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

उपायुक्त कार्यालय द्वारा हाल ही में कलेक्टर रेट में की वृद्धि को वापिस लेने की मांग पर हिसार प्रॉपर्टीज डीलर वेलफेयर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल एसोसिएशन के प्रधान संजय डालमिया की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय पहुंचा। कोई आला अधिकारी न होने की वजह से एसोसिएशन प्रतिनिधिमंडल ने डीडीपीओ कार्यालय में लगे समाधान शिविर में अपना ज्ञापन पत्र सोंपा। ज्ञापन पत्र में एसोसिएशन ने बुधवार को बताया कि प्रोपर्टी डीलर्स संपत्ति की खरीद-फरोख्त का कार्य करते हैं। कलेक्टर रेट्स में अप्रत्याशित वृद्धि के कारण कारोबारियों पर तथा संपत्ति विक्रेताओं तथा क्रेताओं पर बहुत ही प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। लिहाजा पहले आमतौर पर होने वाले प्रॉपर्टी के लेनदेन की तुलना में यह लेनदेन अब कहीं ज्यादा कम हो गया है। कलेक्टर रेट्स बढ़ने के पश्चात पिछले कई वर्षों की अपेक्षा इस साल कितनी कम रजिस्ट्रियां हुई है। इस तथ्य की पुष्टि सम्बंधित कार्यालय से की जा सकती है। कार्यालय सब रजिस्ट्रार द्वारा जारी होने वाले प्रतिदिन 150 टोकन अब खाली और शेष ही रह जाते हैं। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि गत जनवरी माह में ही कलेक्टर रेट में वृद्धि की गई थी और अब इतने कम समय में फिर से कलेक्टर रेट्स बढ़ाना नाजायज है। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त महोदय से मांग की कि कलेक्ट्रेट में हुई वृद्धि को वापस लिया जाए।



**हिसार।** ज्ञापन सौंपते प्रॉपर्टी डीलर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल।

## पृथ्वीराज चौहान किले के अंदर मिला अज्ञात युवक का शव

### नशे की ओवरडोज से युवक की मौत होने का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

ऐतिहासिक पृथ्वीराज चौहान के किले के अंदर बुधवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिला है। किले पर काम करने वाले कर्मचारियों ने झाड़ियों में पड़े युवक के शव का देख मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया है। खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पाई थी। वहीं प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि युवक की मौत नशे की ओवरडोज के कारण हुई है शव के पास नशे की खाली पन्नी व हवाई चप्पल बरामद हुई हैं। मामले की जानकारी देते हुए शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद शर्मा ने बताया कि सुबह किले पर काम कर रहे कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी थी कि किले के ऊपर पीर बाबा की मजार के नजदीक झाड़ियों में एक 30-35 वर्षीय युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलने पर जांच के लिए फोरेंसिक टीम को मौके बुलाया गया और घटनास्थल का निरीक्षण करने के उपरांत शव को शिनाख्त के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है। उन्होंने बताया कि मृतक के पास शिनाख्त के लिए किसी तरह का कोई कागजात या अन्य सामान नहीं मिला है।



**हांसी।** पृथ्वीराज चौहान किले पर मिले शव की जांच करती पुलिस व फोरेंसिक टीम

## हांसी में पुलिस लाइन के निर्माण को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हांसी में पुलिस लाइन का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। राज्य सरकार द्वारा पुलिस लाइन के निर्माण को लेकर तैयार किए गए मास्टर प्लान को मंजूरी प्रदान कर दी है। यह जानकारी देते हुए विधायक विनोद भयाना ने बताया कि पुलिस लाइन का निर्माण 55 एकड़ 6 कनाल भूमि पर किया जाएगा। यह जमीन हरियाणा पुलिस विभाग को ट्रांसफर हो चुकी है। उन्होंने बताया कि हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा पुलिस लाइन के निर्माण को लेकर तैयार किए गए मास्टर प्लान को राज्य सरकार द्वारा मंजूरी प्रदान कर दी गई है। चालू वित्त वर्ष में ही पुलिस लाइन का निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा। विधायक ने बताया कि पुलिस लाइन में राजपत्रित अधिकारियों के लिए पांच तथा अन्य अधिकारियों के लिए 336 आवासीय मकान बनेंगे। पुलिस विभाग के अधिकारियों की सुविधा के लिए आधुनिक सुविधायुक्त 341 मकानों का निर्माण करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस लाइन का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षकों सहित अन्य अधिकारी हांसी में ही रहेंगे। विधायक ने बताया कि बुधवार को विधानसभा क्षेत्र के दौरान हांसी में बनने वाली पुलिस लाइन के निर्माण को लेकर सवाल किया गया था। मंत्री कृष्ण बेदी ने बताया कि पुलिस निर्माण के मास्टर को मंजूरी प्रदान की जा चुकी है।



विधानसभा में हांसी पुलिस लाइन के निर्माण की मांग रखते विधायक विनोद भयाना।

## रेलवे कर्मचारी से 3.17 लाख से अधिक की ठगी में दो गिरफ्तार

### पार्ट टाइम जॉब में टास्क पूरा करने के नाम पर की थी ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

साइबर थाना पुलिस ने रेलवे में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से पार्ट टाइम जॉब में टास्क पूरा करने के नाम पर ठगी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें राजस्थान के सीकर जिले के माकड़ी निवासी अमित व रोहित कुमार शामिल है। आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले की जांच जारी है। ठगी के मामले में जांच अधिकारी एएसआई संदीप कुमार ने बताया कि रेलवे कर्मचारी से पार्ट टाइम जॉब में टास्क के नाम पर ठगी गई धनराशि उक्त आरोपी अमित के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर की गई। अमित का बैंक अकाउंट रोहित कुमार ने खुलवाया और आगे अन्य आरोपियों को बेच दिया था। इसके बदले में इन्हें 5-5 हजार रुपये कमीशन के तौर पर मिले। मामले के अनुसार हिसार साइबर थाना में एनसीसीआरपी पोर्टल पर रेलवे कर्मचारी ने पार्ट टाइम जॉब में टास्क के नाम पर ठगी होने के बारे में शिकायत की थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह रेलवे में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है। इस वर्ष 18 फरवरी पार्ट टाइम जॉब के नाम पर उसके टेलीग्राम पर मैसेज आया और उसके द्वारा हां करने पर उसे एक लिंक भेजकर रजिस्ट्रेशन करवाया। साथ ही एक टास्क देकर उसे 500 रुपये का भुगतान किया। इसके बाद शिकायतकर्ता को 10-10 हजार के दो टास्क पूरा करने को कहा गया और टास्क पूरा होने पर शिकायतकर्ता को 15- 15 हजार रुपये का भुगतान दो बार में किया।



### विभिन्न स्थानों पर दो ने किया सुसाइड

**हिसार।** जिले में मानसिक परेशानी चलते अलग-अलग मामलों में दो लोगों ने आत्महत्या कर ली। संबंधित पुलिस मामलों की जांच कर रही है। पहले मामले में शहर के कौशिक नगर निवासी लगभग 59 वर्षीय रणबीर सिंह ने मानसिक परेशानी के चलते भूलवश जहरीली दवा पी ली। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के बेटे के बयान पर इत्तफाकिया मौत की कार्रवाई की है। एक अन्य मामले में मंगाली सुरतिया में एक युवक ने पुलिस चौकी से कुछ दूर एक पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

### पटाखे की आवाज निकालने वालों के खिलाफ विशेष अभियान

## बुलेट से पटाखे की आवाज निकालने पर साढ़े 10 हजार का चालान काटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पुलिस ने बुलेट मोटरसाइकिल से पटाखे की आवाज निकालने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत पुलिस यातायात नियमों की अवहेलना करने और पटाखे की आवाज निकालने वाली बुलेट मोटरसाइकिल पर अंकुश लगाने और सार्वजनिक और भीड़भाड़ वाले वाले मार्गों में बुलेट मोटरसाइकिल के पटाखे के कारण आमजन को होने वाली परेशानी से निजात दिलाने के लिए मोटरसाइकिल चालकों पर कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में पुलिस की क्यूआरटी टीम ने बुलेट मोटरसाइकिल से पटाखे की आवाज निकालने पर मोटरसाइकिल चालक का मोटर वाहन अधिनियम के तहत साढ़े 10 हजार का चालान किया।सहायक उप निरीक्षक बनवारी ने बताया कि क्यूआरटी टीम ने बुलेट मोटरसाइकिल से पटाखे की आवाज निकालने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तलाकी गेट पर एक बुलेट मोटरसाइकिल चालक द्वारा मोटरसाइकिल से पटाखे की आवाज निकालने और ट्रैफिक नियमों की अवहेलना पर साढ़े 10 हजार का चालान किया।

### सुरक्षा के मद्देनजर एसपी ने व्यापारियों, पंप संचालकों व बैंक अधिकारियों संग किया मंथन

# अपराधियों की पहचान के लिए सॉफ्टवेयर से लैस उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी लगाएं : मीणा

### जिले में बढ़ रही अपराधिक गतिविधियों को लेकर कसी कमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा व उप पुलिस अधीक्षक रवींद्र सांगवान ने पुलिस जिला हांसी में सुरक्षा के मद्देनजर रखते हुए सर्राफा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, पेट्रोल पंप संचालकों, बैंक अधिकारियों व शराब के ठेकेदारों संग बैठक की गई। मीटिंग में व्यापारियों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को अवगत कराया गया तथा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों द्वारा दिए गए सुझावों को भी अमल में लाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर सर्व व्यापार मंडल के प्रधान बजरंग बंसल, पेट्रोल पंप प्रधान सुदर्शन , सराफा व्यापार प्रधान प्रकाश सोनी व बैंक अधिकारियों समेत अन्य व्यापारी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने शराब ठेकेदारों को कहा कि शराब के ठेकों को आबकारी पोलिसी के तहत संचालन करे नियमों में कोई लापरवाही न बरतें। ठेकों पर हाई रेज्युलेशन के कैमरे लगवाए जिसमें ज्यादा से ज्यादा दिनों की रिकॉर्डिंग सेव रह सके कैमरों की फुटेज साफ होगी। अपराधियों की पहचान करने तथा पकड़ने मे आसानी होगी।



**हांसी।** सर्व व्यापार मंडल के व्यापारियों के साथ मीटिंग करते पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा।


### सभी एटीएम के अंदर कैमरे लगाने के निर्देश

*पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बैंक अधिकारियों बैंक परिसरों मे अपराधियों की पहचान के लिए सॉफ्टवेयर से लैस उन्नत निगरानी व उच्च गुणवत्ता वाले मेगापिक्सल कैमरे लगाने का सुझाव दिया। सभी एटीएम के अंदर कैमरे इस तरह से लगाए जाएं ताकि एटीएम में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति के चेहरे की स्पष्ट वीडियो कैप्चर हो सके और साथ ही रात्रि के लिए नाइट विजन कैमरे लगाने की भी व्यवस्था की जाए। बैंक के तीनों और अगर कोई भी बिल्डिंग नहीं है तो बैंक के चारों और कैमरे लगवाए। ग्रामीण और शहरी इलाकों में रात के दौरान एटीएम पर सुरक्षा गार्ड की तैनाती की जाए और उन्हें सतर्क रहने के जानकारी दी जाए व बैंकों या एटीएम में संदिग्ध तरीके से घूमते पाए जाने वाले व्यक्तियों के बारे में पुलिस को सूचित करें।*

### बाजार में गश्त बढ़ाकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए

*पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हांसी शहर के सदर बाजार,चौपटा बाजार,बजरिया चौक, भीड़-भाड़ वाले स्थान तथा सर्राफा बाजार में राईडर व सादे कपड़ों में पुलिस द्वारा पैदल गश्त की जा रही है। बाजार में गश्त बढ़ाकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए है। सर्राफा बाजार के व्यापारियों से अपील की है कि दुकान पर कार्य करने वाले कर्मचारियों की वेरीफिकेशन जरुर कराया जाए तथा रात्रि के समय चौकीदार की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। पंप संचालक डीवीआर के डेटा को ऑनलाइन भी करें सुरक्षित*





# पब्लिक प्लेस पर जब फील हो एलर्जी

**डॉक्टर्स सजेशन**

डॉ. आर. पी. सिंह
सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। जब भी मैं किसी भीड़-भाड़ वाली जगह पर जाता हूं, मुझे लगातार छींकें आने लगती हैं। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है और इससे कैसे बचा जाए?**

**-रितेश, रायपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है, आपको धूल से एलर्जी है, क्योंकि आप जब घर से बाहर भीड़-भाड़ वाले स्थान पर जाते हैं तो वहां जो धूल उड़ती है, उससे आपको छींकें आना शुरू हो जाती हैं। यह समस्या तमाम लोगों में देखी जाती है। इससे बचाव के लिए बेहतर होगा कि आप जब ऐसे स्थान पर जाएं तो मास्क लाकर ही जाएं। इस उपाय को अपनाने से आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 32 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी गर्दन से लेकर कंधे तक अकड़न बनी रहती है, साथ ही हल्का-हल्का दर्द भी होता रहता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-आर्यन, बिलासपुर**

यह समस्या उन लोगों को ज्यादा होती है, जिनकी लंबी सिटिंग होती हैं यानी, ऑफिस में एक ही पोश्चर में लंबे समय तक बैठे रहते हैं। इसके स्थाई समाधान के लिए आपको रेग्युलर एक्सरसाइज करना पड़ेगा। सर्वाइकल की एक्सरसाइज कौन-कौन सी होती हैं यह जानने के लिए बेहतर होगा कि आप किसी फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क कर लें। वे आपको बताएंगे, उसके बाद नियमित रूप से सुबह-शाम एक्सरसाइज करें। साथ ही ऑफिस में लंबे समय तक एक ही पोश्चर में ना बैठें। बीच-बीच में मूवमेंट करते रहें। इससे आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 63 वर्ष है। दो-तीन महीने से बहुत स्ट्रेस फील कर रहा हूं। न अच्छी भूख लगती है, न ठीक से सो पाता हूं। कृपया बताएं कि मुझे क्या करना चाहिए?**

**-कामेश्वर, भोपाल**

आप अपनी परेशानी का कारण खुद ही बता रहे हैं। आप यह जानने की कोशिश करें कि जब से यह समस्या शुरू हुई है, उसके आस-पास जीवन में क्या ऐसा घटित हुआ है, जिससे स्ट्रेस हो रहा है। इसकी वजह क्या है? अगर जरूरत पड़े तो आप मनोचिकित्सक से संपर्क कर सकते हैं। इसे तरह स्ट्रेस से मुक्ति मिलेगी और आपको नींद भी आने लगेगी।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। मैं हेयर ट्रांसप्लांट करवाना चाहता हूं। क्या यह सेफ है? इसके लिए मुझे क्या सावधानियां बरतनी चाहिए? कृपया सजेस्ट करें।**

**-विभूति, रोहतक**

आजकल हेयर ट्रांसप्लांट करने का चलन बढ़ा हुआ है, लेकिन आपके लिए कितना सेफ रहेगा, यह तो जांच करने के बाद ही पता चलेगा। आपकी स्किन कैसी है, आपको किसी चीज से एलर्जी तो नहीं है, जांच के बाद तय किया जा सकता है। बेहतर होगा कि आप किसी स्किन स्पेशलिस्ट डॉक्टर से संपर्क कर लें। वे आपको जांच के बाद बताएंगे कि आपके लिए ट्रांसप्लांट करवाना कितना उचित रहेगा।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मुझे भूख बिल्कुल नहीं लगती है। पेट हमेशा भरा-भरा सा लगता है। कभी-कभी खट्टी डकारें भी आती हैं। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-सखाराम, जींद**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपकी पाचन क्रिया प्रभावित हो रही है। जिस वजह से आपको खट्टी डकार आती है और भूख कम लगती है। इसके लिए आप दोपहर के खाने में दही और सलाद जरूर शामिल करें। साथ ही तली-भुनी और ऑयली चीजें खाने से बचें। रात में हल्का खाना जैसे दलिया या खिचड़ी खाएं। साथ ही सुबह-शाम सैर जरूर करें। इससे आपको आराम मिलेगा। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

स्पेशलः वर्ल्ड बाइपोलर-डे, 30 मार्च

# बाइपोलर डिसऑर्डर हेल्दी लाइफस्टाइल सही मेडिकल ट्रीटमेंट से मिलती है राहत

बाइपोलर डिसऑर्डर एक जटिल मेंटल डिजीज है। इसके होने की कई वजहें हो सकती हैं। लेकिन अगर इसके लक्षणों को ध्यान में रखते हुए सही लाइफस्टाइल को फॉलो किया जाए और जरूरत पड़ने पर मेडिकल ट्रीटमेंट करवाया जाए, साथ ही फैमिली सपोर्ट मिले तो इसे कंट्रोल किया जा सकता है। इस रोग के बारे में आप भी विस्तार से जानिए।





**डॉक्टर्स एडवाइस**

डॉ. गौरव गुप्ता
डायरेक्टर-तुलसी हेल्थ केयर
नई दिल्ली-गुरुग्राम

अमेरिकन साइकिएट्रिक एसोसिएशन के अनुसार द्विध्रुवीय विकार (बाइपोलर डिसऑर्डर) एक मनोरोग है, जिसमें पीड़ित व्यक्ति के मूड, ऊर्जा और उसकी कार्यक्षमता में बदलाव आता है। दूसरे शब्दों में कहें तो बाइपोलर डिसऑर्डर एक ऐसी मानसिक स्थिति है, जिसमें मूड में अत्यधिक उतार-चढ़ाव होते हैं। इस मनोरोग में उन्माद (मेनिया) और अवसाद (डिप्रेशन) सरीखी स्थितियां (मूड एपिसोड्स) भी शामिल हैं। ऐसे मूड एपिसोड कई दिनों से लेकर हफ्तों तक रह सकते हैं।

## क्या हैं कारण

बाइपोलर डिसऑर्डर के कई संभावित कारण हो सकते हैं, जिनमें से कुछ इस प्रकार हैं।

**न्यूरोकेमिकल में असंतुलनः** मस्तिष्क रसायनों (न्यूरोकेमिकल्स) जैसे डोपामाइन और सेरोटोनिन आदि में असंतुलन बाइपोलर डिसऑर्डर की समस्या उत्पन्न कर सकते हैं।

**आनुवांशिक कारकः** अगर परिवार के किसी सदस्य को बाइपोलर डिसऑर्डर रहा है, तो परिवार के अन्य सदस्य में इसके होने का जोखिम बढ़ जाता है। एक अध्ययन के अनुसार बाइपोलर डिसऑर्डर से पीड़ित लगभग 60% मरीज ऐसे हैं, जिन्हें डिप्रेशन या बाइपोलर डिसऑर्डर की समस्या जेनेटिक कारणों से मिली है।

**तनावपूर्ण घटनाएंः** इसके अंतर्गत जीवन की गंभीर तनावपूर्ण घटनाएं जैसे किसी रिश्ते का टूटना, गंभीर बीमारी या कोई भावनात्मक समस्या आदि शामिल की जाती हैं, जो बाइपोलर डिसऑर्डर का कारण बन सकती हैं। भावनात्मक समस्या में आपसी संबंधों का बिगड़ना, पति-पत्नी के बीच तलाक होना, परिवार में किसी प्रियजन की मृत्यु होना आदि को शामिल किया जा सकता है।

**मस्तिष्क की संरचना में बदलावः** ब्रेन इमेजिंग अध्ययनों से पता चला है कि बाइपोलर डिसऑर्डर से ग्रस्त लोगों के मस्तिष्क में संरचनात्मक परिवर्तन हो सकते हैं।

## बाइपोलर डिसऑर्डर के लक्षण

पीड़ित व्यक्ति कभी-कभी बहुत ज्यादा निराश, उदास और दुखी महसूस करता है। ऐसे लक्षण मनोरोग अवसाद (डिप्रेशन) से मिलते-जुलते होते हैं। कभी-कभी वह बहुत ज्यादा प्रफुल्लित और स्वयं को असाधारण रूप से ऊर्जावान महसूस करता है। ऐसे लक्षण मनोरोग उन्माद (मेनिया) सरीखे होते हैं। उन्माद और अवसाद की स्थितियों (एपिसोड्स) के बीच मूड में अचानक और तीव्र बदलाव होना। इस स्थिति को मनोचिकित्सकीय भाषा में 'मूड स्विंग्स' कहते हैं। इनके अलावा अपनी क्षमताओं के बारे में गलतफहमी रखना, तेज गति से सोचना और बोलना, गलत फैसले लेना, नींद बहुत कम आना, चिड़चिड़ापन महसूस करना, स्वयं को बहुत ज्यादा महत्व देना या फिर अपने को श्रेष्ठ समझना भी इसके लक्षणों में शामिल हो सकता है।

## ऐसे करते हैं डायग्नोसिस

बाइपोलर डिसऑर्डर का पता लगाने के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर सबसे पहले मरीज से बात करते हैं, उसके बाद उसके परिजनों से भी। इसके अलावा डॉक्टर मरीज की अन्य बीमारियों का पता लगाने के लिए कंप्लीट फिजिकल टेस्ट भी करवा सकते हैं ताकि उसके लक्षणों का पता लगाया जा सके। साथ ही, मरीज की मेडिकल हिस्ट्री और फैमिली हिस्ट्री आदि के जरिए भी डॉक्टर मर्ज का पता लगाते हैं।

## ट्रीटमेंट के तरीके

यह सच है कि फिलहाल बाइपोलर डिसऑर्डर का कोई स्थाई इलाज नहीं है, लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा सुझाई गई दवाएं लेने और उनके परामर्श पर अमल करने से बाइपोलर डिसऑर्डर का प्रबंधन और नियंत्रण जरूर किया जा सकता है, जिससे मरीज के जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है। विशेषज्ञ डॉक्टर विशेषकर मनोचिकित्सक कुछ दवाओं के सेवन का सुझाव दे सकते हैं, जिन्हें 'मूड स्टेबलाइजर्स' के रूप में जाना जाता है। इसके अलावा चिकित्सक के परामर्श से एंटीडिप्रेसेंट दवाएं भी मूड स्विंग को नियंत्रित करने में मदद कर सकती हैं।



**मनोचिकित्सा (साइकोथेरेपी)ः** मनोचिकित्सक मरीज की स्थिति के अनुसार साइकोथेरेपी का सहारा लेते हैं। मरीज के अलावा वे परिवार के सदस्यों की भी काउंसलिंग करते हैं। इसके अलावा कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी (सीबीटी) बाइपोलर डिसऑर्डर के लक्षणों को प्रबंधित करने में सहायक है।

**जीवनशैली में बदलावः** यूरोपियन साइकिएट्रिक एसोसिएशन के मुताबिक बाइपोलर डिसऑर्डर से पीड़ित लोगों को जहां तक संभव हो सके, स्वास्थ्यकर जीवनशैली पर अमल करना चाहिए। ऐसा करने से उन्हें अपनी समस्या को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। यही नहीं, जो लोग बाइपोलर डिसऑर्डर से ग्रस्त नहीं हैं, वे भी अगर स्वास्थ्यकर जीवनशैली पर अमल करें तो इससे उनमें भी इस समस्या के भविष्य में होने का जोखिम काफी हद तक कम हो सकता है। स्वास्थ्यकर जीवनशैली के अंतर्गत संतुलित पौष्टिक खान-पान, नियमित रूप से व्यायाम, 6 से 8 घंटे की पर्याप्त नींद लेना और तनाव का समुचित प्रबंधन आदि बातें शामिल हैं।

**नियमित व्यायाम करेंः** नियमित व्यायाम, बाइपोलर डिसऑर्डर पेशेंट्स के मूड को स्थिर करने में मदद कर सकता है। किस व्यक्ति को कितने समय तक और किस-किस प्रकार के व्यायाम करना चाहिए, इस संदर्भ में पीड़ित व्यक्ति को डॉक्टर और फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श लेना चाहिए। इसके अलावा मेडिटेशन भी फायदेमंद हो सकता है।

**पर्याप्त नींद जरूरीः** बाइपोलर डिसऑर्डर किसी व्यक्ति की नींद उड़ा सकता है। ऐसा व्यक्ति बहुत कम सोता है। नींद पूरी न होने से मूड में बदलाव ज्यादा आता है। इसलिए मूड को प्रबंधित करने के लिए पर्याप्त नींद लेना आवश्यक है। इसके लिए नियमित समय पर बिस्तर पर जाने और सुबह एक निश्चित समय पर उठने की आदत डालें। सोने से पहले स्क्रीन टाइम यानी टेलीविजन देखने, स्मार्टफोन और कंप्यूटर के इस्तेमाल से दूर रहें। जिन लोगों को सोने में कठिनाई होती है, उन्हें डॉक्टर से बात करनी चाहिए। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**



### इन बातों का रखें ध्यान

- परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताएं और उनसे मदद लें।
- सकारात्मक सोच रखें।
- तनाव और चिंता को नियंत्रित करने के लिए योग और ध्यान का सहारा लें।
- शराब और अन्य मादक पदार्थों का सेवन न करें, क्योंकि वे आपकी समस्या को बढ़ा सकते हैं।



**अवेयरनेस**

शिखर चंद जैन

स्पेशलः वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे, 2 अप्रैल

ऑटिज्म एक विकास संबंधी एब्नॉर्मलिटी है, जिससे पीड़ित व्यक्ति को बातचीत करने, पढ़ने-लिखने और दूसरों से घुलने-मिलने में परेशानी होती है। ऐसे बच्चों की केयर पैरेंट्स को बहुत सावधानी से करने की जरूरत होती है। इस बारे में बहुत जरूरी सजेशंस।

# ऑटिज्म पेशेंट के लिए जरूरी सही ट्रीटमेंट-इमोशनल सपोर्ट



ऑटिज्म को ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर भी कहते हैं। यह एक ऐसी स्थिति है, जिससे पीड़ित व्यक्ति का दिमाग अन्य लोगों के दिमाग की तुलना में अलग तरीके से काम करता है। इस बीमारी के बारे में अभी तक बहुत ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है और न ही वर्तमान में इसका कोई परफेक्ट ट्रीटमेंट उपलब्ध है। हालांकि इस बीमारी से पीड़ित लोग नौकरी करने, परिवार और दोस्तों के साथ मेल-मिलाप करने में सक्षम होते हैं, लेकिन कई बार उन्हें दूसरों की मदद लेनी पड़ती है। फैमिली मेंबर्स, टीचर्स या दोस्तों के सहयोग से ये लोग भी नई स्किल्स सीख लेते हैं और बिना किसी सपोर्ट के अपने काम भी कर लेते हैं। सही डायग्नोसिस और इंटरवेंशन ट्रीटमेंट की मदद से ऑटिस्टिक लोगों को सामाजिक व्यवहार और नई स्किल्स सीखने में मदद मिलती है, जिससे वे अपना जीवन बेहतर तरीके से जी पाते हैं।

ऑटिज्म की वजह से बच्चे के मस्तिष्क के काम करने के तरीके में एक अंतर आ जाता है, जो यह तय करता है कि वह अपने आस-पास की दुनिया के साथ कैसे रिस्पॉन्स करता है। यह अंतर कुछ ऐसा है जिसके साथ वे पैदा होते हैं-इसका उनके पालन-पोषण के तरीके, भोजन, टीके या जन्म के बाद बच्चे के साथ हुई किसी भी अन्य एक्टिविटी से कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

**क्या है ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डरः** ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर, एक न्यूरोलॉजिकल और डेवलपमेंटल डिसऑर्डर है, जो लोगों के दूसरों के साथ बातचीत करने, संवाद करने, सीखने और व्यवहार करने के तरीके को प्रभावित करता है। इसके लक्षण आमतौर पर जीवन के पहले दो वर्षों यानी बचपन में दिखाई देते हैं। ऑटिज्म बच्चे के मस्तिष्क के काम करने के तरीके में एक अंतर लाता है, जो उन्हें सामाजिक रूप से घुलने-मिलने और अनोखे तरीके से व्यवहार करने के लिए प्रेरित करता है।

**प्रमुख लक्षणः** इसके प्रमुख लक्षणों में लिमिटेड आइज कॉन्टेक्ट, एब्नॉर्मल बॉडी लैंग्वेज और रिपीटेटिव बिहेवियर या बातें शामिल होते हैं। इसके अलावा अकेले रहना, दूसरे बच्चों के साथ ना खेलना, बोलने के बजाय इशारों से ज्यादा रिस्पॉन्स करना। खुद को चोट लगाना या नुकसान पहुंचाने के प्रयास करना। इस स्थिति के शुरुआती लक्षण माता-पिता या बाल रोग विशेषज्ञों द्वारा बच्चे के एक वर्ष की आयु तक पहुंचने से पहले ही देखे जा सकते हैं। कुछ मामलों में, ऑटिज्म से संबंधित समस्याएं हल्की हो सकती हैं और तब तक स्पष्ट नहीं होती हैं जब तक कि बच्चा स्कूल जाना शुरू नहीं करता।

**इससे बढ़ता है रिस्कः** नई मेडिकल स्टडीज के अनुसार कई आनुवंशिक कारक ऑटिज्म के जोखिम को जटिल तरीके से बढ़ा सकते हैं। फ्रैजाइल एक्स सिंड्रोम और ट्यूबरस स्क्लेरोसिस जैसी कुछ विशिष्ट आनुवंशिक स्थितियों वाले लोगों में ऑटिज्म के निदान के लिए जोखिम अधिक होता है। ये दो स्थितियां ऑटिज्म के सैकड़ों अलग-अलग दुर्लभ आनुवंशिक कारणों के साथ मिलकर 30% से अधिक मामलों की व्याख्या करती हैं। इसके अलावा गर्भावस्था के दौरान मां द्वारा ली जाने वाली कुछ दवाइयां जैसे कि वैल्प्रोइक एसिड और थैलिडोमाइड, ऑटिज्म के हाई रिस्क से भी जुड़ी हुई हैं। गर्भावस्था के समय माता-पिता का अधिक उम्र का होना भी ऑटिज्म के अधिक जोखिम से जुड़ा हुआ है।

**इलाज के तरीकेः** ऐसे कई प्रभावी तरीके हैं, जो ऑटिस्टिक बच्चे को अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने में मदद कर सकते हैं।

**अप्लाइड बिहेवियर एनालिसिसः** इसमें बच्चे की कार्यात्मक चुनौतियों का व्यवस्थित अध्ययन शामिल है, जिसका उपयोग उनके स्किल में सुधार और मिसबिहेव को कम करने के लिए एक बिहेवियरल प्लानिंग बनाने के लिए किया जाता है।

**सोशल स्किल ट्रेनिंगः** ग्रुप या पर्सनल सेटिंग में किया गया यह प्रयास ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों को सामाजिक स्थितियों में नेविगेट करने की उनकी क्षमता में सुधार करने में मदद करता है।

**वर्बल-लैंग्वेज ट्रीटमेंटः** बच्चे के बोलने के तरीके और उसकी भाषा की समझ में सुधार लाने का प्रयास किया जाता है।

**पैरेंटल मैनेजमेंट ट्रेनिंगः** इसमें पैरेंट्स को अपने ऑटिस्टिक बच्चे के एब्नॉर्मल बिहेव पर सही प्रतिक्रिया करने और अपने बच्चे में उचित व्यवहार को प्रोत्साहित करने के प्रभावी तरीके सिखाए जाते हैं। पैरेंटल हेल्प ग्रुप्स, पैरेंट्स को ऑटिज्म से पीड़ित बच्चे की परवरिश के तनाव से निपटने में मदद करते हैं। *

**(मनोचिकित्सक डॉ.संजय गर्ग और मनोविज्ञानी डॉ.रूपा तालुकदार से बातचीत पर आधारित)**

### पैरेंट्स रखें ध्यान

- ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिजीज के बारे में जितना संभव हो उतना जानें।
- ऑटिज्म से पीड़ित अपने बच्चे को अच्छी और बैलेंस्ड डेली रूटीन फॉलो करने के लिए इंस्पायर करें।
- ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों के अन्य पैरेंट्स और अपने समुदाय के रिसोर्सेस से जुड़ें।
- जरूरत पड़ने पर मेडिकल एक्सपर्ट से कंसल्ट करें।
- बच्चे के साथ बिताने के लिए पर्याप्त समय निकालें।
- अपने बच्चे की शिक्षा और उपचार से संबंधित अवेयरनेस को बढ़ाएं।



**डाइट**

राजकुमार 'दिनकर'

जब भी सूखे मेवे यानी ड्राय फ्रूट्स की बात आती है तो सबसे पहले बादाम का नाम लिया जाता है। वजह है इसमें मौजूद बेशुमार स्वास्थ्यवर्धक गुण। यह किस तरह से हमारे लिए फायदेमंद है, आपको जरूर जानना चाहिए।

# हेल्थ के लिए भरपूर फायदेमंद नट है बादाम



बादाम के पोषण के स्तर को देखते हुए पाक कला में सदियों से इसका इस्तेमाल किया जाता रहा है। इसके सेवन का इतिहास हजारों साल पुराना है। बादाम मीठे और कड़वे दो तरह के होते हैं। कड़वे बादाम की कड़वाहट निकालने के बाद उसके तेल का इस्तेमाल खाने में किया जाता है। कड़वे बादाम के फूल सफेद होते हैं और मीठे बादाम के फूल गुलाबी होते हैं। कड़वे बादाम और मीठे बादाम की रासायनिक संरचना समान होती है। बादाम का फल जब पकता है तो यह खुद ही खुल जाता है और उससे यह नट बाहर आ जाता है। बादाम के बीज कठोर छिलकों के अंदर होते हैं।

**होते हैं कई पोषक तत्वः** पोषक तत्वों से भरपूर बादाम में विटामिन बी1, फोलेट, विटामिन बी3, नियासिन, बी कॉम्प्लेक्स और मैग्नीज भरपूर मात्रा में होता है। 28 ग्राम यानी एक औंस बादाम में 183 कैलोरी, 5.82 ग्राम प्रोटीन, 2.94 ग्राम कार्बोहाइड्रेट, 16.4 ग्राम फैट, 3.4 ग्राम फाइबर, 7.3 मिलीग्राम विटामिन ई पाया जाता है।

**कई तरह से लाभकारीः** बादाम हमारी मस्तिष्क और तंत्रिका प्रणाली को मजबूत बनाकर याद्दाश्त को अच्छा बनाता है। बादाम में एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करने का गुण होता है। यह एलडीएल और एचडीएल कोलेस्ट्रॉल के बीच संतुलन बनाकर रखता है। इसमें मौजूद फॉस्फोरस हमारी हृदय गति को सामान्य बनाए रखता है। इसका ग्लासेमिक इंडेक्स कम होता है। यह हमारी रक्त शर्करा के स्तर को बढ़ने से रोकता है। मैग्नीशियम और मैग्नीज से भरपूर होने के कारण यह हड्डियों और दांतों को मजबूती देता है। यह हमारे शरीर के वजन को भी नियंत्रित करके मोटापे के जोखिम को कम करता है। इसमें मौजूद आर्जीनिन एक ऐसा अमीनो एसिड है, जो रक्तप्रवाह को नियमित करता है और इससे हमारी मांसपेशियों को ऑक्सीजन और पोषक तत्व मिलते हैं। विटामिन-ई से भरपूर बादाम त्वचा की नमी को लॉक करके हमें जवां और खूबसूरत बनाता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स बालों की ग्रोथ को बढ़ाते हैं। फास्फोरस युक्त बादाम एसिडिटी को नियंत्रित करता है और शरीर में टीएच लेवल को बनाकर रखता है। आयरन से भरपूर बादाम हमारे शरीर की लाल रक्त कोशिकाओं के विकास को बढ़ाता है और एनीमिया में बहुत फायदेमंद होता है।

**ऐसे करें सेवनः** बादाम दुनिया में सबसे पुराना और सबसे ज्यादा उगाया जाने वाला नट है। बादाम को साबुत भूनकर या तलकर खाया जाता है। बादाम का छिलका पचाना चूंकि मुश्किल होता है, इसलिए आयुर्वेद इन्हें उबालकर पकाने के बाद खाने की सलाह देता है। इनको अगर भिगोकर खाया जाए तो यह जल्दी पचते हैं। इन्हें बिना भिगोए कच्चा नहीं खाना चाहिए। रात भर भिगोकर, छिलका उतारकर इन्हें खाना चाहिए। बादाम मिल्क शेक या बादाम को अन्य फ्रूट्स के साथ मिलाकर इनकी स्मूदी बनाई जा सकती है। अखरोट, सूरजमुखी के बीज, खजूर, मखाना, किशमिश के साथ मिलाकर अलग-अलग तरह के अनाजों के साथ खा सकते हैं। इसके अलावा बादाम का शीरा, बादाम का हलवा, बादाम की बर्फी, बादाम कतली, बादाम की चटनी, बादाम का दूध, बादाम-खजूर मिल्क शेक, बादाम केला स्मूदी का सेवन किया जा सकता है। *

खबर संक्षेप

## पूर्व मंत्री ने पुस्तकालय में दिए दस कंप्यूटर

**उकलाना।** जैन साधु उपेंद्र मुनि के आदेश पर पूर्व मंत्री अनूप धानक ने गुरु प्रेम सुख पुस्तकालय जैन स्थानक में बच्चों के लिए 10 कंप्यूटर सैट भिजवा हैं। बता दें कि जैन साधु के लितानी में आगमन पर पूर्व मंत्री अनूप धानक उनके प्रवचन सुनने पहुंचे थे। इस दौरान जैन मुनि ने पुस्तकालय में कंप्यूटर्स के लिए कहा था। जैन साधु उपेंद्र मुनि का आदेश मानते हुए पूर्व राज्य मंत्री अनूप ने अगले दिन ही 10 कंप्यूटर भिजवा दिए। कंप्यूटर को सौंपने के लिए भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष संदीप धमीजा, हलका निगरानी कमेटी के अध्यक्ष रामफल नैन, अरुण कुमार, सोहिम सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता पहुंचे।

## शादी में झगड़ा, युवक पर तलवार से बोला हमला

**फतेहाबाद।** रतिया में एक शादी समारोह में मामूली बात को लेकर हुए विवाद में तीन युवकों ने एक युवक पर तलवार से हमला कर उसे घायल कर दिया। घायल युवक को उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। इस बारे रतिया पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में रामनगर कालोनी रतिया निवासी बलजीत सिंह ने कहा है कि वह गाड़ियों की डेन्टिंग-पेन्टिंग का काम करता है। गत दिवस उसके चाचा मंगुराम की दो लड़कियों की शादी थी और नूर गार्डन पैलेस में बारात आई हुई थी। वह भी शादी में गया हुआ था। शादी में गांव हिन्दलवाला निवासी सन्नी ने उसके चाचा मंगुराम को थप्पड़ मार दिया। जब उसने सन्नी से थप्पड़ मारने का कारण पूछा तो सन्नी, उसके भाई करण व जमालपुर शेखां के रोहित ने उसके साथ झगड़ा करना शुरू कर दी और मारपीट की।

### प्रदेश स्तरीय बैठक को प्रदेश संगठन मंत्री, महामंत्री ने किया संबोधित

# आगामी कार्यक्रमों व नीतियों को सिरे चढ़ाने के लिए काम करें कार्यकर्ता : फणीन्द्रनाथ

- भाजपा जिला कार्यालय में आगामी कार्यक्रमों के बारे में 9 जिलों के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने कहा है कि पार्टी कार्यकर्ता हर समय एक्टिव मोड में रहें। हमें लोकसभा, विधानसभा व निकाय चुनावों से निपटकर घर नहीं बैठना बल्कि संगठन के आगामी कार्यक्रमों व नीतियों को सिरे चढ़ाने में लग जाना चाहिए, यही भाजपा कार्यकर्ता की पहचान है।

फणीन्द्रनाथ शर्मा भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित नौ जिलों के प्रमुख कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक को संबोधित कर रहे थे। बुधवार को हुई इस बैठक में डबवाली, सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, हांसी, जींद, भिवानी, दादरी, महेंद्रगढ़ के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, विधायक, प्रत्याशी व मंडल अध्यक्ष शामिल रहे। प्रदेश सचिव सुरेन्द्र आर्य के संचालन में हुई बैठक की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल ने की।

बैठक में संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए फणीन्द्रनाथ शर्मा ने कहा कि पार्टी का संगठन इस समय इतना मजबूत है कि दूसरी पार्टियां तो हमारे मुकाबले कहीं टिक भी नहीं सकती। ऐसे में हमें संगठन की मजबूती का फायदा उठाने के लिए जनता के बीच जाकर संगठन को और मजबूत करने के साथ-साथ केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याण की योजनाओं को हर पात्र तक लेकर जाना है और यही हमारे अंत्योदय का सिद्धांत है। उन्होंने संगठन बारे कार्यकर्ताओं को अन्य आवश्यक निर्देश भी दिए। पूनिया ने मोदी के कार्यक्रम को लेकर दिए निर्देश प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी संगठन ने आगामी कार्यक्रम तय किए हैं। इसके तहत 30 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम, समालखा में होने वाली कार्यशाला, पार्टी के स्थापना दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा की गई है। इसके अलावा 14 अप्रैल के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हरियाणा दौरे के बारे में भी कार्यकर्ताओं को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।



हिसार : बैठक में पहुंचने पर प्रदेश संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा का स्वागत करते जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ व अन्य पदाधिकारी।

**यह रहे उपस्थित**

बैठक में उपरोक्त के अलावा पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, अनूप धानक, जिला प्रभारियों में मुकेश गौड़, वेद फूला, सुरेन्द्र आर्य, जवाहर सैनी, दीपक शर्मा, प्रो. मदन गोयल, रेणु डाबला, महेश चौहान शामिल रहे। इसके अलावा जिला अध्यक्षों में डॉ. आशा खेदड़, अशोक सैनी, प्रवीण जोड़ा, यतेन्द्र सिंह, रेनू शर्मा, तेजेंद्र ढुल, वीरेंद्र कौशिक, सुनील व यतेन्द्र राव, जिला महामंत्री आशीष जोशी व संजीव रेवड़ी के अलावा सभी मंडलों के अध्यक्ष मौजूद रहे।



हिसार। संसद भवन का भ्रमण करते राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थी।

## राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया संसद का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

- विद्यार्थियों ने इंडिया गेट, वार मेमोरियल का भ्रमण भी किया

राजगढ़ रोड पर स्थित राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने दिल्ली में स्थित नए संसद भवन का भ्रमण किया। इसका आयोजन लीगल लिटरेसी सेल के इंचार्ज डॉ.अशोक कुमार के द्वारा किया गया। भ्रमण के द्वारा विद्यार्थियों ने भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था के बारे में ज्ञान प्राप्त करते हुए लोकसभा में चल रही बहस को देखा व विभिन्न सांसदों के विचारों को सुनने का अवसर प्राप्त किया। संसद भवन भ्रमण की व्यवस्था हिसार के सांसद जयप्रकाश के द्वारा की गई जिसमें महाविद्यालय की तरफ से विभिन्न संकायों के 53 विद्यार्थियों तथा 6 स्टाफ सदस्यों को ने भाग लिया। संसद भ्रमण के बाद विद्यार्थियों ने इंडिया गेट, वार मेमोरियल आदि का भ्रमण भी किया। महाविद्यालय लौटने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार सैनी ने अशोक कुमार का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों से ही है भ्रमण सफल हो पाया। भ्रमण में प्रो. मनोज कुमार डॉ. नागेंद्र तोमर, डॉ.कुमारी सरोज, प्रो. सुमन कुमारी सहयोग रहा।

## भीमसैन असीजा बने कपिला गोशाला के दोबारा प्रधान, फूलों से स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

श्री योग भगवान कृष्ण कपिला गोशाला कार्यकारिणी की एक बैठक स्थानीय डोगरान मोहल्ला में स्थित श्री मोक्ष द्वार कुटिया में संत रामानंद महाराज जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें श्री योग भगवान कृष्ण कपिला गौशाला कार्यकारिणी की अवधि समाप्त हो जाने पर बड़ी गहनता से विचार विमर्श किया गया व नई कार्यकारिणी बनाने को लेकर बातचीत की गई। पूर्व के प्रधान की कार्य प्रणाली को देखते हुए आगामी 3 वर्षों के लिए सर्व समिति से दोबारा भीमसेन असीजा को प्रधान नियुक्त किया गया। इसके अलावा नई कार्यकारिणी बनाने का अधिकार भी नवनियुक्त प्रधान भीमसेन असीजा को दिया गया। इस मौके पर विजय ढल, भीमसेन मक्कड़, सुनील कटारिया, डॉ महिपाल मुंजाल, नीरज ढींगड़ा, विजय नागपाल, रामकिशन बजाज आदि रहे।



हिसार : बैठक श्री योग भगवान कृष्ण कपिला गोशाला के सदस्य।

## राष्ट्रपति से सम्मानित अधिवक्ताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

जिला बार एसोसिएशन हिसार ने राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित एलएलबी और एलएलएम स्वर्ण पदक विजेता अधिवक्ताओं का अभिनंदन समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन हिसार के वरिष्ठ अधिवक्ताओं, पदाधिकारियों और कानूनी समुदाय के गणमान्य सदस्यों ने इन युवा अधिवक्ताओं की उपलब्धियों की सराहना की। हिसार बार के सचिव समीर भाटिया ने बताया कि सम्मानित स्वर्ण पदक विजेताओं में एलएलबी श्रेणी से राहुल मुंदलिया, शुभम् कुमार जग्गा, कीर्ति गर्ग और मोनिका शामिल हैं जबकि एलएलबी व एलएलएम स्वर्ण पदक विजेता के रूप में शालू बंसल को सम्मानित किया गया। इस मौके पर चुनाव अधिकारी सुनील तिवारी और सह चुनाव अधिकारी अधिवक्ता नवनीत चहल को उनके द्वारा हिसार बार के चुनाव में दिए उत्कृष्ट योगदान के लिए उनको सम्मानित किया गया। इस मौके पर हिसार बार के बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप बूरा, उप प्रधान विकास पुनिया, सह सचिव सुनील भारद्वाज, कोषाध्यक्ष सुनील सहदेव सहित अधिवक्ता मुकेश शर्मा, राज कृष्ण वशिष्ट, गौरव बैनीवाल, अभिनीत चौधरी, साहिल शर्मा, चरणजीत आर्य, दीक्षेश जाखड़ आदि मौजूद थे।



हिसार। सम्मानित करते हिसार बार के पदाधिकारी।



हिसार। बैठक करते श्रीशनिदेव सेवा समिति के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

## शनिदेव मंदिरका 16वां वार्षिक महोत्सव कल

**हिसार।** पुरानी सब्जी मंडी चौक के निकट स्थित ढाणी बड़वाली के शनिदेव मंदिर का 16वां वार्षिक महोत्सव 28 मार्च को धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर की श्रीशनिदेव सेवा समिति के प्रधान महाबीर सैनी व सचिव रामबीर सैनी ने बताया कि महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रातः 8 बजे हवन, सवा 9 बजे तेलाभिषेक, 10 बजे कंजक पूजन के बाद 11 बजे भंडारा चलाया जाएगा। इस सम्बंध में समिति की हुई बैठक में कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगाई गई। बैठक में कहा गया कि महोत्सव में मुख्यातथि के रुप में समाजसेवी देवेन्द्र सैनी, रजनीश देवसरिया, नरेन्द्र सैनी उर्फ नरेश, भरत सिंह उर्फ बबलू भाग लेंगे। बैठक में समिति के संरक्षक सतबीर वर्मा, प्रधान महाबीर सैनी, कार्यवाहक प्रधान कृष्ण सैनी भिवानी वाले, सचिव रामबीर सैनी, उपप्रधान सुभाष सैनी, कैशियर राजेन्द्र वर्मा आदि रहे।

## गुजवि व एसडब्ल्यूसी के बीच हुआ एमओयू

- स्वदेशीकरण, शोध व विकास के लिए मिलकर करेंगे कार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भारतीय सेना के दक्षिण-पश्चिम कमांड (एसडब्ल्यूसी) के साथ मिलकर स्वदेशीकरण, शोध तथा विकास (आईआरएंडडी) के क्षेत्र में कार्य करेगा। इस संबंध में हिसार मिलिटरी स्टेशन में एसडब्ल्यूसी तथा गुजविप्रौवि के बीच मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टेंडिंग (एमओयू) हुआ है। एसडब्ल्यूसी की तरफ से जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंद्र सिंह, एवीएसएम, वाईएसएम, वीएसएम ने तथा गुजविप्रौवि की तरफ से कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने हस्ताक्षर किए। गवाह के रूप में एसडब्ल्यूसी की ओर से एमजीईएमई मेजर जनरल रविन्द्र सिंह व सीओ, 633 ईएमई बीएन कर्नल मधुर विदवंस तथा गुजविप्रौवि की ओर से कुलसचिव डा. विजय कुमार व डीन इंटरनेशनल अफेयर्स प्रो. नमिता सिंह ने हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि यह एमओयू एसडब्ल्यूसी तथा गुजविप्रौवि के लिए सेना के विशेष वाहनों, प्लेटफॉर्मों और उपकरणों, सॉफ्टवेयर विकास, रोबोटिक्स, हथियार प्रणाली एकीकरण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता संचार डिजाइन तथा विकास गतिविधियों के क्षेत्र में अनुसंधान व नवाचार के लिए मंच प्रस्तुत करेगा। एसडब्ल्यूसी गुजविप्रौवि की प्रयोगशालाओं तथा अन्य संबंधित विशेषज्ञता का लाभ ले सकेगा जबकि गुजविप्रौवि भी कोर्सों के संचालन में एसडब्ल्यूसी की विशेषज्ञता का लाभ ले सकेगा।



हिसार। :मिलिटरी स्टेशन में एमओयू के साथ जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंद्र सिंह, एवीएसएम, वाईएसएम, वीएसएम व कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।



बरवाला( । दीप प्रज्जवलित करके एनएसएस कैंप का शुभारंभ करते प्रधानाचार्य राज सिंह कुंडू। *फोटो : हरिभूमि*

## स्वयंसेवकों को बताई भारतीस संस्कृति की विशेषता

बरवाला। गांव सरसौद बिच्छपड़ी में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारंभ किया गया। इसका शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य राज सिंह कुंडू ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। प्रधानाचार्य राज सिंह कुंडू ने अपने संबोधन में भारतीय संस्कृति व संस्कारों के बारे में स्वयंसेवकों को जागरूक किया और राष्ट्र की सेवा के लिए प्रोत्साहित किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रणजीत सिंह ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के महत्व से अवगत करवाया।

## हमेशा संतों के बताए और दिखाएं मार्ग पर चलना चाहिए : ज्योति बैदा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मंडी आदमपुर

आदमपुर मॉडल टाउन स्थित ब्रह्माकुमारी कुमारी सुख शांति भवन के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग सदस्या ज्योति बैंदा ने कहा कि हमें संतों के बताए व दिखाएं मार्ग पर चलना चाहिए ताकि मनुष्य जीवन सुधर सके। उन्होंने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालय की बहनें आदमपुर में ही नहीं बल्कि पूरे देश प्रदेश के लोगों में अच्छे संस्कार सिद्धांत, देश प्रेमी व सेवा की शिक्षा दे रही है जो इस समय बहुत जरूरी है। इस मौके पर आदमपुर विद्यालय के इंचार्ज सावित्री देवी ने विद्यालय के निर्माण के लिए के लिए जमीन देने पर सरकार का तथा भवन निर्माण में समाजसेवियों द्वारा सहयोग देने के लिए आभार जताया। इस मौके पर समाजसेवी हरि निवास जांदू, प्रदीप बैनीवाल, घीसाराम जैन, तरसेम गोयल, सतीश मित्तल, राजकुमार इलाहाबादी, जगतपाल अग्रवाल, सुभाष गोयल आदि रहे।



मंडी आदमपुर। मॉडल टाउन में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के नए भवन

## हेरोइन सहित महिला को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत टोहाना पुलिस ने महिला को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गई महिला ने अपना नाम जसविन्द्र कौर पत्नी कुलदीप सिंह निवासी राजनगर टोहाना बताया है। थाना सदर टोहाना प्रभारी इंस्पैक्टर बलजीत सिंह ने बताया कि कुलां पुलिस चौकी की टीम एएसआई राजकुमार के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब धारसूल खुर्द से गांव नन्हेड़ी की तरफ जा रही थी तो नन्हेड़ी गांव के पास सामने से एक महिला आती दिखाई दी।

## रक्त की पूर्ति केवल रक्तदान से ही संभव

### हकृवि के कृषि महाविद्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित

- शिविर में रक्तदान करने वालों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित इस रक्तदान शिविर का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने किया।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने रक्तदाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि रक्त की एक-एक बूंद मानव जीवन के लिए अनमोल है। रक्त का कोई विकल्प नहीं है। रक्तदान करके ही इसकी पूर्ति की जा सकती है। रक्तदान को महादान माना गया है। उन्होंने रक्तदाताओं से कहा कि वे लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने सभी का स्वागत करते हुए बताया शिविर में कुल 117 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह, यूथ रेडक्रॉस के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. चंद्रशेखर डागर, यूथ रेडक्रॉस सैल, एनसीसी, एनएसएस सहित अन्य वॉलंटियर्स ने अहम भूमिका निभाई। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से डॉ. योगेश, तकनीकी अधिकारी अनिल कुमार व सत्यवान, एसआईटी सुदामा, काउंसलर संतरो देवी, शीला व मुकेश उपस्थित रहे।



हिसार। रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

## जिंदल स्टेनलेस ईकोसिस्टम को मजबूत बनाने के लिए की साझेदारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

जिंदल स्टेनलेस ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी जिंदल स्टेनलेस स्टीलवे लिमिटेड के साथ मिलकर एम1एक्सचेंज नामक भारत के अग्रणी आरबीआई-लाइसेंस धारक ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम प्लेटफॉर्म में 9.62 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की है। इस सौदे में प्राथमिक पूंजी (प्राइमेरी कैपिटल) के साथ-साथ मौजूदा शेयरधारकों से शेयरों की सेकेंड्री खरीद शामिल है। इस निवेश के साथ, एम1एक्सचेंज एमएसएमई और कॉरपोरेट समूहों के लिए कार्यशील पूंजी (वर्किंग कैपिटल) तक निर्बाध पहुंच हासिल करने की प्रक्रिया में तेजी आएगी, जिससे भारत में डिजिटल आपूर्ति श्रृंखला के वित्तपोषण ईकोसिस्टम को और मजबूती मिलेगी।



- अभ्युदय जिंदल, प्रबंध निदेशक।

इस बारे में जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि इस निवेश का दोतरफा लाभ होगा कि यह हमारी अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम दोनों गतिविधियों को मजबूत बनाएगा। इससे लिक्विडिटी बढ़ेगी और जेएसएल का बहीखाता और मज़बूत होगा। यह एक समग्र ईकोसिस्टम बनाने के हमारे सिद्धांत को दर्शाता है।

**आयोजन** अग्रोहा शक्तिपीठ में तीन दिवसीय अग्र भागवत कथा का शुभारंभ

## महालक्ष्मी एवं अग्रसेन के जयकारों से गूंजी अग्रोहा नगरी, दिखी आस्था

महालक्ष्मी एवं अष्ट लक्ष्मी जी के मंदिर की परिक्रमा की

- भक्तों ने पूजा- अर्चना कर मांगी मन्नतें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के तत्वाधान में अग्रोहा की पावन धरती पर स्थापित अग्रोहा शक्तिपीठ में भव्य अग्र भागवत कथा का जोरदार शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर रामजीदास बाजोरिया प्राचीन मंदिर से कलश पद यात्रा में महिलाओं ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया और धर्मलाभ उठाया। अग्रोहा शक्तिपीठ में विश्व के पहले एवं विशाल निर्माणाधीन कुलदेवी आद्य महालक्ष्मी एवं अष्ट लक्ष्मी जी के मंदिर के चारों ओर परिक्रमा की गई। इस अवसर पर महामंडलेश्वर आचार्य नर्मदा शंकर के मुखारबिंद से तीन दिवसीय श्री अग्र-भागवत कथा का भी शुभारंभ हुआ है। कथा वाचक महामंडलेश्वर आचार्य नर्मदा शंकर पूरी जी ने भगवान अग्रसेन जी के सिद्धांतों एवं उनकी महिमा का गुणगान किया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग, राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल गोयल, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामप्रकाश गर्ग, एम पी गोयल, अन्नक्षेत्र अग्रोहा के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन नरेश बंसल, हरियाणा प्रदेश महामंत्री मोहित बंसल, विश्वनाथ गोयल, ओंकार मल गोयल, विपिन गोयल, राजेश गर्ग, मोहन बंसल, अंजनी बंसल, रेणु गर्ग, संगीता गर्ग, सुभाष मित्तल, ऋतु बिश्नोई आदि सहित सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता पदयात्रा व समारोह में शामिल हुए।



हिसार। श्री अग्र-भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर मौजूद अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के पदाधिकारी एवं श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

## कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण का समापन

**हिसार** । लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन विभाग में अनुसूचित जाति उप योजना के तहत पशुपालकों के लिए डेयरी फार्मिंग–कौशल विकास के लिए दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस. एस. ढाका बतौर मुख्य अतिथि एवं पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गुलशन नारंग उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के समापन समारोह में प्रतिभागियों को विवि का खनिज मिश्रण, डीवर्मिंग किट व सर्टिफिकेट आदि वितरित किए गए। इस मौके पर प्रोफ़ेसर डॉ. सतपाल दहिया, प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. मनोज कुमार वर्मा, डा. योगेश बांगर, डॉ. सोनू, पूनम रतवान आदि रहे।

## डबवाली में गैंगस्टर काबू, हेरोइन बरामद

**डबवाली।** थाना सदर डबवाली पुलिस ने गांव पन्नीवाला मोरिका से एक गैंगस्टर को 16 ग्राम हेरोइन चिट्टा सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान विष्णु पुत्र बिन्द्र सिंह निवासी पन्नीवाला मोरिका के रूप में हुई हैं। इस बारे में प्रभारी थाना सदर डबवाली ब्रह्म प्रकाश ने बताया कि उप नि. मदनलाल अपनी पुलिस टीम के साथ गस्त पर थे।

## खबर संक्षेप

### खेलों में भाग लेकर नाम रोशन करें : बेनीवाल

**मंडी आदमपुर।** आदमपुर आईटीआई की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ समाजसेवी प्रदीप बेनीवाल ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों से शरीर निरोग रहता है तथा आपसी भाईचारा बढ़ता है। यही नहीं पढ़ाई में भी मन लगता है। बेनीवाल ने कहा कि हमें खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए तथा देश प्रदेश व संस्थान का नाम रोशन हो सके। इस अवसर पर समाजसेवी राजकुमार जांगड़ा, डॉ. ललित शर्मा आदि मौजूद रहे।

### सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त रहा राष्ट्रपति का कार्यक्रम

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हाल ही में हुए दीक्षांत समारोह के सम्पूर्ण आयोजन को सिंगल यूज प्लास्टिक तथा कचरामुक्त-स्वच्छ आयोजन रखा। इस संबंध में विश्वविद्यालय को इंस्टीट्यूट ऑफ सस्टेनेबल डेवलपमेंट, कुरुक्षेत्र द्वारा प्रमाण-पत्र जारी किया गया है। यह संस्थान नेशनल जल जीवन मिशन के तहत ग्रीन अर्थ-ओर्गनाइजेशन फॉर इनवायरनमेंट, हेल्थ, सेफ्टी एंड सेनीटेशन एंड की-रिसोर्स सेंटर एंड सेक्टर पार्टनर, एक स्वायत संस्थान है। संस्थान के संयोजक डा. कुलदीप सिंह व सचिव डा. अशोक चौहान द्वारा जारी प्रमाण पत्र में प्रमाणित किया गया है कि 09 मार्च को हुए दीक्षांत समारोह की रिहर्सल तथा 10 मार्च को मुख्य आयोजन कार्यक्रम को सिंगल यूज प्लास्टिक तथा कचरामुक्त रखा गया।

### रामसिंह खोवाल प्रधान व सतीश वर्मा बने सचिव

**हांसी।** मंडी सैनियान स्थित कुम्हारान धर्मशाला में एक कुम्हार समाज के सदस्यों की इंद्र सिंह वर्मा की अध्यक्षता में मिटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में समाज के उत्थान व धर्मशाला के सौन्दर्यकरण करने का निर्णय लिया व कार्यकारिणी का गठन किया। मीटिंग में सर्वसम्मति से रिटायर्ड कानूनगो रामचंद्र व इन्द्र सिंह को संरक्षक तथा राम सिंह खोवाल को प्रधान व रामस्वरूप घोडेला को उपप्रधान व सतीश वर्मा सचिव, मुकेश कुमार को सह-सचिव, राधे श्याम रानोलिया को कोषाध्यक्ष, संजय कुमार को सह-कोषाध्यक्ष तथा राजबीर सिंह, नवनीत बिवाल तथा रामनिवास व मनफूल को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया।

### ई-रिक्शा चालक ने बुजुर्ग से रुपये छीने

**हिसार।** इलाइट सिनेमा के पास बुधवार को दिनदहाड़े ई-रिक्शा चालक ने एक बुजुर्ग से नकदी छीन ली और फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और छानबीन में जुट गई। पुलिस वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंलागने में जुटी है। बताया जाता है कि बुजुर्ग ई-रिक्शा में सवार था। ई-रिक्शा चालक ने इलाइट सिनेमा के पीछे वाली गली के पास मौका पाकर बुजुर्ग से नकदी छीन ली और उसे धक्का देकर फरार हो गया।

दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह में दिया गया सम्मान

# सतत विकास, पर्यावरण क्षेत्र में योगदान के लिए कुलपति को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई को सतत विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई को यह अवार्ड विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के सौजन्य से विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में शुरु हुई दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह में दिया गया है। 'बिल्डिंग सस्टेनेबल ओर्गनइजेशनल : साइकोलॉजिकल इश्यूज एंड चैलेंजिज' विषय पर हो रही इस संगोष्ठी के मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. आरपी बाजपेयी थे जबकि अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की। रांची इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो साइकेट्री एंड एलाइड साइंसिज, रांची झारखंड के प्रो. अमोल रंजन सिंह मुख्य वक्ता तथा सोसायटी ऑफ इंडस्ट्रियल एंड ओर्गनइजेशनल साइकोलॉजी (एसओआईओपी) के अध्यक्ष प्रो. एपी सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संगोष्ठी के संरक्षक कुलपति के तकनीकी सलाहकार प्रो. संदीप राणा तथा संयोजक मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष के अध्यक्ष डा. संजय कुमार है, जबकि आयोजन सचिव डा. तरूणा हैं। आईसीएसएसआर द्वारा प्रायोजित यह सम्मेलन एसओआईओपी के संयुक्त तत्वाधान में हो रहा है।



**हिसार।** अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन करते मुख्यातिथि प्रो. आरपी बाजयेयी व कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

### मनोवैज्ञानिक नियुक्ति हो

मुख्य अतिथि प्रो. आरपी बाजपेयी ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र के निर्माण में मनोविज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका है। मनोविज्ञान आपके विचारों में आधारभूत परिवर्तन लाने का सहायक बन सकता है। उन्होंने कहा कि देश के सरकारी और निजी हर संस्थान में एक मनोवैज्ञानिक की नियुक्ति होनी चाहिए। इससे कर्मचारियों को मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायता मिलेगी। साथ ही रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

### गुरु जम्भेश्वर के 19 नियम : नरसी राम

*कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने अपने सम्बोधन में कहा कि यूएनओ ने प्राकृति एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित सतत विकास के जिन 17 उद्देश्यों का निर्धारण किया है, वे उद्देश्य गुरु जम्भेश्वर जी महाराज के 29 नियमों में पहले से ही स्थापित हैं। मुख्य वक्ता प्रो. अमोल रंजन सिंह ने विषय पर अपना संबोधन दिया। इस अवसर पर 'डिसेबिलिटी एंड रिहेबिलिटेशन' नामक एक पुस्तक का विमोचन किया गया। यह पुस्तक डा. संजय कुमार व डा. स्नेहा मित्तल द्वारा लिखी गई है।*



**हिसार।** रामनवमी महोत्सव व संगीतमय श्रीराम कथा के लिए आमंत्रित करते श्रीराम कथा समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

# महोत्सव में श्रीराम कथा के लिए संस्थाओं को न्योता

■ महाराजा अग्रसेन भवन में 30 से शुरू होगा रामनवमी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित होने वाले आठ दिवसीय रामनवमी महोत्सव व संगीतमय श्रीराम कथा के लिए विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं को आमंत्रित किया गया है। विभिन्न स्थलों पर संस्थाओं के पदाधिकारियों व प्रतिनिधियों से शिष्टाचार भेंट करके उन्हें महाराजा अग्रसेन भवन में 30 मार्च से 6 अप्रैल तक चलने वाले रामनवमी महोत्सव व संगीतमय श्रीराम कथा की पूरी जानकारी उपलब्ध करवाकर न्योता दिया गया। विभिन्न संस्थाओं ने भी इस आयोजन में बढ़-चढक़र हिस्सा लेने के लिए आश्वस्त किया।

श्रीराम कथा समिति के पदाधिकारी सुरेंद्र लाहौरिया, राजेश बंसल व शक्ति अग्रवाल ने बताया कि मॉर्निंग वॉक क्लब व स्माइल क्लब सहित कई संस्थाओं से संपर्क साधकर उन्हें निमंत्रण-पत्र प्रेषित किया गया है।

उन्होंने बताया कि 30 मार्च से 5 अप्रैल तक हर रोज दोपहर 3.15 बजे से सायं 7 बजे तक महंत श्री चिन्मयदास जी महाराज अपने श्रीमुख से प्रभु श्रीराम के जीवन दर्शन से रूबरू करवाएंगे।

# मेयर का पदभार संभालने पर राड़ा ने पोपली को दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रहे समाजसेवी व वरिष्ठ भाजपा नेता रामनिवास राड़ा सैनी ने मेयर का पदभार संभालने पर प्रवीण पोपली को नगर निगम कार्यालय में पहुंचकर शुभकामनाएं दी। राड़ा ने पोपली का मेयर कार्यालय में पहुंचने पर शॉल उड़ाकर व फूलों का गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी। राड़ा ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की भाजपा के कुशल नेतृत्व सरकारों की नीतियों से गदगद होकर जनता ने नगर निगम में भी ट्रिपल इंजन के रूप में भाजपा सरकार बनाई है, अब मेयर व सभी पार्षदों का पूरा फर्ज़ है कि वह अपना दायित्व निभाएं ओर जनता की आशाओं पर खरा उतरे और विकास पर ध्यान दें।



मेयर प्रवीण पोपली को बुक्का देते वरिष्ठ भाजपा नेता रामनिवास राड़ा।

### 34वीं मां भगवती की चौकी 29 को

**हिसार।** भाभड़ा बिरादरी, हिसार की ओर से 29 मार्च को भाभड़ा बिरादरी के गुरुद्वारा के पास मोहल्ला डोगरान में 34वीं विशाल मां भगवती चौकी का आयोजन किया जाएगा। भाभड़ा बिरादरी जागरण मंडल के प्रधान सुरेन्द्र सेठी ने बताया कि मां भगवती चौकी में सायं 7 बजे बिरादरी के पंच प्रधान भाई चरणजीत सिंह, भाई जोगी, गोबिंद बेदी, प्रेम प्रकाश व जगदीश सेठी ज्योत प्रचंड करेंगे। नीटू चंचल एंड पार्टी कैथल वाले मां भगवती का गुण्गान करेंगे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर नगर निगम के मेयर प्रवीन पोपली, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, नगर पार्षद ज्योति वर्मा, सुनील वर्मा, पूर्व पार्षद पंकज दिवान, शालू दिवान व समाजसेवी रवि अतिथि होंगे।

# अहिल्याबाई होल्कर को याद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ मुख्य अतिथि जबकि कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने कार्यक्रम में अध्यक्षता की। समाजसेवी कृष्ण मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे। डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि माता अहिल्याबाई होल्कर को उनके सुशासन, धर्म के पुनर्जागरण, महिला सशक्तिकरण व अपनी प्रजा को संतान की तरह पालन के लिए जाना जाता है।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने छात्र-छात्राओं को अहिल्याबाई होल्कर के जीवन और उनके योगदान के बारे में जानकारी दी। डॉ. सुनील ने मंच का संचालन किया और कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों, कार्यकर्ताओं और अन्य नागरिकों का धन्यवाद किया।





**हिसार।** मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

# डीएसपी के आश्वासन पर धरना समाप्त

■ चोरी के शक में पुलिस पर महिला से मारपीट करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पुलिस द्वारा कथित रूप से महिला रेखा जाटव से मारपीट करने के मामले में भीम आर्मी व पीड़ित परिवार ने बुधवार को भी नागरिक अस्पताल में धरना दिया। भीम आर्मी के नेताओं ने इस मामले में रेखा जाटव के साथ मारपीट करने वाले पुलिस कर्मियों पर एफआईआर तथा सस्पेंड करने की मांग की है। इसके अलावा पीड़िता को उचित मुआवजे की मांग भी उठाई है। इसी बीच डीएसपी सुनील कुमार समेत पुलिस के कई आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और धरनारत लोगों से बातचीत की। डीएसपी ने आश्वासन दिया कि सभी पर कार्रवाई होगी। डीएसपी सुनील के आश्वासन पर धरना समाप्त कर दिया। बता दें कि दो दिन पहले सेक्टर-14 के एक कोठी के मालिकों ने कोठी में ही काम करने वाली महिला रेखा पर पांच लाख रुपये चोरी किए जाने का शक जताया था। आरोप है कि पुलिस ने सेक्टर-14 के पास झुग्गियों में रहने वाले रेखा को पूछताछ के लिए बुलाया और उसे थर्ड डिग्री दी गई। इस मामले में धरना चल रहा था।

# खर्च पर्यवेक्षक ने जांचा उम्मीदवारों के चुनावी खर्च का लेखा-जोखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नगर निकाय चुनावों के समापन उपरांत बुधवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चुनावी उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत किए गए खर्च के ब्यौरे की जांच की गई। बैठक की अध्यक्षता खर्च पर्यवेक्षक पुनीत शर्मा ने की। बैठक के दौरान नगर निकाय चुनाव में भाग लेने वाले मेयर एवं पार्षद पद के विभिन्न उम्मीदवारों द्वारा जमा किए गए चुनावी खर्च के दस्तावेजों की विस्तृत जांच की गई। उन्होंने बताया कि चुनावी खर्च का ब्यौरा निर्धारित समय सीमा में जमा करवाना अनिवार्य होता है। बैठक में डीईटीसी तरुणा लांबा, लेखा अधिकारी जगबीर सिंह, राजबाला सहित नगर निकाय चुनाव के उम्मीदवार एवं उनके प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



**हिसार।** चुनावी खर्च रजिस्टर की जांच करते खर्च पर्यवेक्षक पुनीत शर्मा।

# कैबिनेट मंत्री ने डॉ. वत्स की माता के निधन पर जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने बुधवार को हिसार पहुंचकर पूर्व राज्यसभा सांसद एवं लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. डीपी वत्स की माता हरकौर देवी के निधन पर शोक व्यक्त किया और परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने स्वर्गीय हरकौर देवी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करते हुए परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।



स्वर्गीय हरकौर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा।



**हिसार।** स्वास्थ्य जांच करवाती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

# फतेहचंद कॉलेज में लगाया जांच शिविर, 250 का स्वास्थ्य जांचा

**हिसार।** फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में रेड क्रॉस, रैड रिबन एवं टाटा आई.एम.जी. लैब्स के संयुक्त तत्वाधान में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत ने स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारम्भ करते हुए कहा कि इस तरह के कैम्प से छात्राएं अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होकर खान-पान पर ध्यान रखेंगी एवं विभिन्न बिमारियों के प्रति जागरूक होकर समय-समय पर स्वास्थ्य की जांच करवाएंगी। कैम्प में लगभग 250 छात्राएं एवं महाविद्यालय का स्टाफ लाभान्वित हुआ।

### गुजवि ने परीक्षा परिणाम घोषित किए

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कई विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि दिसम्बर 2024 में हुई एमएससी इकोनोमिक्स तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, एलएलएम तृतीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2021, एलएलएम तृतीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2022, एलएलएम तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, बैचलर ऑफ फार्मेसी रेमेडियल बायो तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, बैचलर ऑफ फार्मेसी रेमेडियल मैथेमेटिक्स तृतीय सेमेस्टर (मेन) बैच 2023 आदि का परीक्षा परिणाम घोषित किया है।

# सुरेंद्र सोनी बने अध्यक्ष व महिला प्रमुख बनी अलका सरदाना

**बरवाला।** समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा की दौलतपुर मार्ग पर स्थित मिड्ढा फॉर्म के प्रांगण में चुनावी बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष वीरभान मिड्ढा ने की और चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में हरियाणा पश्चिमी प्रान्त प्रांतीय संयोजक समूहगान प्रतियोगिता हरीश शर्मा मौजूद रहे। सचिव सुबे सिंह शेखावत ने बताया कि इस चुनावी बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सुरेंद्र सोनी को अध्यक्ष और कुमारी आशा चुघ को सचिव तथा दिनेश को कोषाध्यक्ष व नगरपालिका चेयरमेन रमेश बैटरीवाला की पत्नी अलका सरदाना को महिला प्रमुख बनाया गया। इस अवसर पर संरक्षक महेंद्र सेतिया, देवराज मौजूद रहे।



**हिसार।** नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते पदाधिकारी व सदस्यगण

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530207, 8814999173, 9253681005

**सुविधा** | उत्तर पश्चिम रेलवे के सभी 34 पार्सल ऑफिस में पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम लागू

# पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम से बुक और ट्रेस करना आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

रेल के माध्यम से एक स्थान से दूसरे स्थान पर सामान (पार्सल) भेजने की प्रक्रिया को आसान बनाने के उद्देष्य से उत्तर पश्चिम रेलवे के सभी 34 पार्सल ऑफिस में पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम (पीएमएस) की सुविधा शुरू हो गई है। पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से ग्राहकों को अपना सामान बुक करवाने में सहूलियत हो रही है साथ ही इस सिस्टम प्राप्त होने वाले मैसेज के माध्यम से उनको अपने सामान की वास्तविक स्थिति की जानकारी मिलती रहती है। रेल के माध्यम से सामान (पार्सल) भेजने वाले ग्राहकों की सुविधा के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे के सभी 34 पार्सल ऑफिस में पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम (पीएमएस) की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से सामान बुक करवाना बहुत ही आसान और पारदर्शी प्रक्रिया है जिसमें सभी जानकारी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। इसके तहत पार्सल बुक करवाने वाले ग्राहक को अपने निकटतम पार्सल ऑफिस में अपने सामान की जानकारी का फार्म (फारवर्डिंग नोट) भरकर पार्सल क्लर्क को देना होता है उसके पश्चात पार्सल क्लर्क, पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम में उस जानकारी को फीड कर पार्सल का वजन करता है जिसकी सिस्टम में एंट्री हो जाती है। एंट्री के पश्चात रसीद बनती है जिसमें एक 10 अंक का नम्बर (पीआरआरः पार्सल रेलवे रिसिप्ट) होता है, साथ ही मोबाइल पर मैसेज पहुंचता है।



**हिसार।** रेलवे पार्सल ऑफिस में आए पार्सल। फोटो :हरिभूमि

*यहां उपलब्ध होगी सुविधाः उत्तर पश्चिम रेलवे पर व पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम की सुविधा सभी 34 पार्सल ऑफिस में उपलब्ध है। इसके तहत जयपुर मंडल के जयपुर, रेवाडी, अलवर, सीकर, अजमेर मंडल के अजमेर, उदयपुर सिटी, आबूरोड, भीलवाडा, ब्यावर, फालना, मारवाड जंक्शन, जोधपुर मंडल के जोधपुर, पाली मारवाड़, बाडमेर, जैसलमेर, नागौर, बालोतरा, भगत की कोठी, डेगाना, मकराना, मेडता रोड, सुजानगढ और बीकानेर मंडल के बीकानेर, भिवानी, चूरू, हनुमानगढ़, हिसार, लालगढ़, रतनगढ़, सादुलपुर, सिरसा, श्रीगंगानगर, सूरतगढ़ और हांसी स्टेशनों पर पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से ही सामान की बुकिंग हो रही है।*

*दी जा रही उत्कृष्ट सेवाएं : शशि किरणः उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बुधवार को बताया कि महाप्रबंधक अमिताभ के निर्देशानुसार रेल उपभोक्ताओं को सभी क्षेत्रों में बेहतर और उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान की जा रही है। पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम के उपयोग से समय की बचत, सामान की आसानी से सटीक ट्रेसिंग, पारदर्शिता, किराये की सही गणना हो रही है। साथ ही पहले सामान गुम होने की शिकायतों की तुलना में अब क्लेम की संख्या में कमी आई है।*